सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

## सिटिंग नोटिस

**फा. सं.: NCST/ATY-2858/RJ/10/2025-RU-I** **दिनांक: 15.07.2026**

**पुलिस अधीक्षक,**
जिला-सवाई माधोपुर,
कार्यालय पुलिस अधीक्षक,
सवाई माधोपुर, राजस्थान-322001,
ई-मेल: sp.sawaimadhopur@rajpolice.gov.in

**विषय: राजस्थान राज्य, जिला सवाईमाधोपुर के ग्राम जाहिरा, तहसील बामनवास की निवासी अनुसूचित जनजाति (मीणा) समुदाय की महिला श्रीमती उर्मिला देवी मीणा की दिनांक 20.04.2025 को हुई नृशंस हत्या के प्रकरण में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने एवं पुलिस द्वारा हत्याकांड का खुलासा न किए जाने के संबंध में अर्जुन सिंह मीणा का दिनांक 01.07.2025 का अभ्यावेदन।**

**संदर्भ 1: आयोग के समसंख्यक नोटिस दिनांक 21.08.2025 (प्रति संलग्न).**

**महोदय/महोदया,**

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एन.सी.एस.टी.) ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लेखित प्रकरण का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है। श्री अंतर सिंह आर्य, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण मे अन्वेषण/जांच/की जाने वाली कार्रवाई के लिए आयोग मुख्यालय, 6वां तल, न्यायालय कक्ष-I, लोकनायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110003 में **दिनांक 23.07.2026** को सिटिंग/सुनवाई निर्धारित की है।

2. तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि पर उक्त प्रकरण से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ **व्यक्तिगत रूप से** माननीय अध्यक्ष महोदय के समक्ष परीक्षण के लिए अपनी उपस्थित सुनिश्चित करें।

**3. कृपया ध्यान रखें कि यदि आप सिटिंग/सुनवाई में उपस्थित नहीं होते/होती है तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के खंड (8) क के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र है।**

पूर्णेन्दु कान्त

**(पूर्णेन्दु कान्त/Purnendu Kant)**
**निदेशक/Director**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:-**

**श्री अर्जुन सिंह मीणा,**
ग्राम-जाहिरा, तहसील-बामनवास,
जिला-सवाईमाधोपुर, राजस्थान-322001
ई-मेल:arjunsignhmeena0123@gmail.com
मोबाइल न. :9694845330
**कृपया उपरोक्त स्थान, समय एवं तिथि पर सुनवाई हेतु आयोग में आपकी/अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।**